उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

आयोग भवन, हरिद्वार–249404

दूरभाष: 01334–244282, फैक्स: 244282

वैबसाइट:www.psc.uk.gov.in

पत्रांक :: 214 / 29 / उ.कु.प्रसा. / JE(Mains) EXAM-21 / अतिगोपन–2/22–23, दिनांक: 07 जून, 2022

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है दिनांक 07 मई, 2022 से 10 मई, 2022 तक आयोजित **उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य कनिष्ठ अभियन्ता सेवा (मुख्य) परीक्षा–2021** के अन्तर्गत कुल 10 प्रश्नपत्रों : सामान्य हिन्दी, सामान्य अंग्रेजी, सिविल इंजीनियरिंग (प्रथम प्रश्न–पत्र एवं द्वितीय प्रश्न–पत्र), मैकेनिकल इंजीनियरिंग (प्रथम प्रश्न–पत्र एवं द्वितीय प्रश्न–पत्र), इलैक्ट्रीकल इंजीनियरिंग (प्रथम प्रश्न–पत्र एवं द्वितीय प्रश्न–पत्र) तथा एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग (प्रथम प्रश्न–पत्र एवं द्वितीय प्रश्न–पत्र) की चारों सीरीज (A, B, C & D) की उत्तरकुंजियों को उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग की वेबसाइट **www.psc.uk.gov.in** पर अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रसारित कर दिया गया है। यदि किसी अभ्यर्थी को चारों सीरीज के किसी प्रश्न एवं उत्तर विकल्प पर कोई आपत्ति है तो वह आयोग की वेबसाईट पर **Online Answer Key Objection** हेतु दिये गये लिंक पर जाकर अपनी आपत्तियों को आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार **दिनांक: 8 जून, 2022 से 14 जून, 2022** (समय रात्रि के 23:59:59 बजे तक) तक दर्ज करा सकते हैं। अभ्यर्थी द्वारा प्रति–प्रश्न आपत्ति के सापेक्ष निर्धारित शुल्क रू0 50.00 का भुगतान करना होगा

आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध लिंक **Online Answer Key Objection** के अतिरिक्त ई–मेल, डाक अथवा अन्य किसी माध्यम से प्रेषित आपत्तियों एवं अन्तिम तिथि के उपरान्त प्रेषित आपत्तियों तथा प्रति–प्रश्न आपत्ति के सापेक्ष निर्धारित शुल्क रू0 50.00 का भुगतान नहीं किये जाने की दशा में अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। उत्तर कुंजी के सापेक्ष आपत्ति दर्ज किये जाने से पूर्व आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध दिशा–निर्देश सम्बन्धी विस्तृत **विज्ञप्ति संख्या:** :: 215 / 29 / उ.कु.प्रसा. / JE(Mains)EXAM-21 / अतिगोपन–2/22–23, दिनांक: 07 जून, 2022 का अध्ययन अवश्य कर लें।

-sd-

(एस0एल0 सेमवाल)

प्र0सचिव